राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री मिश्र को 'भारत में राज्यों की राजनीति' की प्रथम प्रति भेंट

जयपुर, 18 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को गुरुवार को राजभवन में सुप्रसिद्ध लेखक प्रो. धर्मचन्द जैन ने अपनी तीन भागों में सद्य प्रकाशित पुस्तक 'भारत में राज्यों की राजनीति' की प्रथम प्रतियां भेंट की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने उनकी इस पुस्तक की सराहना की। प्रो. धर्मचन्द जैन ने बताया कि तीन भागों में लिखी गयी इस पुस्तक में राज्य राजनीति के प्रारम्भ, चुनाव, एकदलीय प्रणाली, राज्यों में दलकृबदल की राजनीति, संविद सरकारों का युग, केन्द्रकृराज्य संबंध, मध्यावधि चुनाव, जनादेश, समसामयिक राजनीतिक परिदृश्य के साथ ही राज्य–राजनीति का समग्र विश्लेषण किया गया है। उन्होंने बताया कि पंचशील प्रकाशन, जयपुर द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में भारतीय संविधान और शासन से जुड़ी शोधपरक विश्लेषणात्मक सामग्री का विशेष रूप से समावेश किया गया है। राज्यपाल श्री मिश्र को पुस्तक भेंट करने के दौरान पुस्तक की प्रकाशक श्रीमती मनीषा गुप्ता, धीरेन्द्र जैन आदि भी उपस्थित रहे।

प्रो.धर्मचंद जैन की अब तक 47 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें प्रतिष्ठित श्महाप्रज्ञ प्रतिभाश, 'अणुव्रत लेखक', 'विशिष्ट लेखक' आदि पुरस्कार और सम्मान मिले हुए हैं।

———